ई.सी.ओ.–12

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

बी. कॉम (CA&A)
के लिए भी

सत्रीय कार्य
2023–24

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ. – 12 : अंकेक्षण के मूल तत्व

जुलाई 2023 तथा जनवरी 2024 प्रवेश सत्र के लिए

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ. – 12 : अंकेक्षण के मूल तत्व

सत्रीय कार्य – 2023–24

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2023 और जनवरी 2024)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2023,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2024** है।

2. जो **जनवरी 2024,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2024** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	ई.सी.ओ. – 12
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	अंकेक्षण के मूल तत्व
सत्रीय कार्य का कोड	:	ई.सी.ओ.–12 / टी.एम.ए. / 2023–24
खण्डों की संख्या	:	सभी खण्ड

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'अंकेक्षण' की परिभाषा दीजिये। अंकेक्षण और अनुसंधान में अंतर बताइये। सतत अंकेक्षण क्या है? इसके लाभ और हानि बताइये। **(20)**

2. परिसंपत्तियों के सत्यापन एवं मूल्यांकन में अंतर बताइए। परिसंपत्तियों के सत्यापन के उद्देश्यों का विवेचन कीजिए। **(20)**

3. कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अंकेक्षक की वैधानिक स्थिति का विवेचन कीजिए । किसी कंपनी के अंकेक्षक की योग्यता और अयोग्यता बताएँ। **(20)**

4. उन मामलों के संबंध में विवेचन कीजिए जिनके संबंध में अंकेक्षकों के लिए उस स्थिति में अपना मत बनाना आवश्यक होता है जब वे कंपनी अधिनियम द्वारा निर्धारित रिपोर्ट को बना रहे होते हैं । अंकेक्षक की रिपोर्ट में 'सही और उचित' की संकल्पना से आप क्या समझते हैं? (20)

5. **निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणीयां लिखिए** : (4X5)

(क) लागत अंकेक्षण

(ख) पूर्वाधिकार शेयरों का शोधन

(ग) प्रमाणन

(घ) आंतरिक निरीक्षण